Title: Need to enhance the suport price of jute from Rs.1000 to Rs.1500.

श्री रामजीदास ऋषिदेव (अररिया): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अररिया जिला किशनगंज और कटिहार की ओर दिलाना चाहता हूं। इस जिला में जूट की खेती बड़े पैमाने पर होती है लेकिन जूट का उचित समर्थन मूल्य किसान को नहीं मिलता है। वहां अभी जूट कार्पोरेशन भी बंद कर दिया गया है। जब किसान की जूट की खेती होती है और जूट उपलब्ध होता है तो उसका उचित समर्थन मूल्य नहीं मिलता है। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि जूट का समर्थन मूल्य १००० रुपये से १५०० रुपये प्रति क्विंटल तक किया जाए।